पाठ 10

कदंब का पेड़

यह भी जानें

- धरती पर रहने वाले सभी जीव ऑक्सीजन लेते हैं तथा कार्बनडाइऑक्साइड छोड़ते हैं। जबकि पेड़ कार्बनडाइऑक्साइड लेते हैं तथा ऑक्सीजन देते हैं।
- एक पेड़ एक दिन में लगभग पाँच मनुष्यों के लिए ऑक्सीजन पैदा करता है।
- पेड़ कभी भी लंबी उम्र की वजह से नहीं मरते हैं। वह मरते हैं तो बस बीमारी, कीड़ों व मनुष्यों के काटे जाने के कारण।
- श्रीकृष्ण कदंब के पेड़ के नीचे बैठकर ही मधुर बाँसुरी बजाते थे। कभी राधा संग पेड़ पर झूला झूलते थे, तो कभी पेड़ के निकट गोपियों संग नृत्य करते थे।

यह कदंब का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे,
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।

ले देती यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीची हो जाती यह कदंब की डाली।

तुम्हें नहीं कुछ कहता पर मैं चुपके-चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्मा ऊँचे पर चढ़ जाता।

वहीं बैठ फिर बड़े मज़े से मैं बाँसुरी बजाता,
अम्मा-अम्मा कह वंशी के स्वर में तुम्हें बुलाता।

सुन मेरी बंसी को माँ तुम इतनी खुश हो जाती,
मुझे देखने काम छोड़कर तुम बाहर तक आती।

तुमको आता देख बाँसुरी रख मैं चुप हो जाता,
पत्तों में छिपकर धीरे से फिर बाँसुरी बजाता।

गुस्सा होकर मुझे डाँटती, कहती 'नीचे आजा',
पर जब मैं ना उतरता, हँसकर कहती, 'मुन्ना राजा'।

नीचे उतरो मेरे भइया तुझे मिठाई दूँगी,
नए खिलौने, माखन-मिसरी, दूध-मलाई दूँगी।

Scanned by CamScanner

बहुत बुलाने पर भी माँ जब नहीं उतर कर आता,
माँ, तब माँ का हृदय तुम्हारा बहुत विकल हो जाता।

तुम आँचल फैलाकर अम्मा वहीं पेड़ के नीचे,
ईश्वर से कुछ विनती करतीं बैठी आँखें मीचे।

तुम्हें ध्यान में लगी देख मैं धीरे-धीरे आता,
और तुम्हारे फैले आँचल के नीचे छिप जाता।

तुम घबराकर आँख खोलती, पर माँ खुश हो जाती,
जब अपने मुन्ना राजा को गोदी में ही पाती।

इसी तरह कुछ खेला करते हम-तुम धीरे-धीरे,
यह कदंब का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे।

नए शब्द

माखन

मक्खन

तीर

किनारा

स्वर

ध्वनि, आवाज़

आँचल

पल्ला

डाली

शाखा, टहनी

गोदी

आगोश

विकल



परेशान, चिंतित

हृदय

मन

ईश्वर

भगवान

वंशी

बाँसुरी

विनती

प्रार्थना

ध्यान

चिंतन

Scanned by CamScanner

अभ्यास

1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. कविता में बालक किस पर चढ़कर बैठने की कल्पना कर रहा है?

ख. बालक क्या लेना चाहता है?

ग. कदंब की डाली नीची होने पर बालक क्या करता?

घ. माँ सब काम छोड़ बाहर कब आती?

ङ. माँ को आता देखकर बालक की प्रथम प्रतिक्रिया क्या होती?

च. माँ घबराकर आँखें क्यों खोलती?

2. उचित वाक्य पर (✓) का निशान और अनुचित पर (×) का निशान लगाइए।

क. बालक की बाँसुरी का मूल्य चार पैसे है।

ख. माँ आँखें बंद करके भगवान से प्रार्थना करती।

ग. बालक डरकर पेड़ पर चढ़ बैठता।

घ. बालक माँ की गोद में छुप जाता।

ङ. माँ बालक की चिंता में उसे गुस्सा करती।

3. नीचे दी गई काव्य-पंक्तियों को पूरा कीजिए ।

क. मैं भी उस पर बैठ

ख. ले देती यदि मुझे बाँसुरी

ग. किसी तरह नीची हो जाती

घ. अम्मा-अम्मा कह वंशी के

4. निम्नांकित काव्य-पंक्तियों को अपने शब्दों में लिखिए ।

क. अम्मा-अम्मा कह वंशी के स्वर में तुम्हें बुलाता ।

बालक बाँसुरी की धुन बजाकर माँ को बुला रहा है ।

ख. तुमको आता देख बाँसुरी रख मैं चुप हो जाता।

ग. माँ तब माँ का हृदय तुम्हारा बहुत विकल हो जाता।

घ. तुम घबराकर आँख खोलती, पर माँ खुश हो जाती।

ङ. इसी तरह कुछ खेला करते हम-तुम धीरे-धीरे।

Scanned by CamScanner

5. दिए गए भावार्थ से मिलती-जुलती पंक्तियाँ कविता में से चुनकर लिखिए।

क. मैं भी कदंब के पेड़ पर बैठ कन्हैया की तरह बाँसुरी बजाता।

ख. मैं बाँसुरी की आवाज़ में माँ-माँ पुकारता।

ग. माँ तुम सब काम छोड़ खुशी-खुशी मुझे देखने आती।

घ. माँ तुम आँखें बंद कर भगवान से प्रार्थना करती।

ङ. हम दोनों मिलकर कोई खेल खेलते।

6. कविता को ध्यानपूर्वक पढ़कर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क. तुम ________ (घबराकर/खुश होकर) आँख खोलती।

ख. ले ________ (लेती/देती) यदि मुझे बाँसुरी।

ग. सुन मेरी बंसी को माँ तुम इतनी ________ (खुश/दुखी) हो जाती।

घ. जब ________ (अपने/पराए) मुन्ना राजा को गोदी में ही पाती।

ङ. तुम्हारे फैले आँचल के ________ (नीचे/ऊपर) छिप जाता।

च. ________ (नए/पुराने) खिलौने, माखन-मिसरी, दूध-मलाई दूँगी।

छ. ________ (बहुत/कम) बुलाने पर भी माँ जब नहीं उतर कर आता।

7. पेड़ों से संबंधित कुछ रोचक बातें - मिलान कीजिए।

क. भारत का राष्ट्रीय पेड़	☐	1. आम का पेड़
ख. इस पेड़ की छोटी-छोटी शाखाओं का प्रयोग दंतमंजन के रूप में होता है।	☐	2. नारियल का पेड़
ग. इस पेड़ का फल 'फलों का राजा' कहलाता है।	☐	3. बरगद का पेड़
घ. इस पेड़ के पत्तों का प्रयोग प्लेट के रूप में होता है	☐	4. नीम का पेड़
ङ. इस पेड़ के फल का पानी गरमी दूर भगाता है।	☐	5. बेल का पेड़

Scanned by CamScanner